दैनिक
# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 41 | राजसमंद - बुधवार, 02 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 3 पर पढ़े - राजसमंद में टिकट वितरण के बाद सेन समाज नाराज



## नगर परिषद चुनाव : कांग्रेस का महिला शक्ति कार्ड बीजेपी में 15 के मुकाबले 18 महिलाओं का दिया टिकिट

**- 3 सामान्य सीटों पर भी बड़ा दांव**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजसमंद नगर परिषद चुनाव 2026 में नामांकन एवं अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा होते ही चुनावी बिसात पूरी तरह बिछ गई है, लेकिन इस बार का सबसे बड़ा और चटपटा सियासी ट्विस्ट महिला प्रतिनिधित्व को लेकर सामने आया है। जहां भाजपा ने सुरक्षित चाल चलते हुए केवल महिला आरक्षित 15 सीटों पर ही महिला उम्मीदवारों को सीमित रखा है, वहीं कांग्रेस ने बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए 18 महिलाओं को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस ने न केवल आरक्षित सीटों पर महिला प्रत्याशी उतारे, बल्कि 3 सामान्य (गैर-आरक्षित) वार्डों में भी पुरुष दावेदारों के टिकट काटकर महिलाओं पर दांव खेला है। कांग्रेस की यह नारी शक्ति रणनीति विरोधी खेमे में खलबली मचा रही है।

### किस वार्ड में कौन सी महिला प्रत्याशी आमने-सामने

वार्ड संख्या - सीट की श्रेणी (आरक्षण) - भाजपा प्रत्याशी - कांग्रेस प्रत्याशी

वार्ड 3 - सामान्य महिला - जया माली - मधू देवी माली

वार्ड 6 - सामान्य महिला - अनीता पालीवाल - आशा देवी पालीवाल

वार्ड 7 - सामान्य महिला - कुशल कंवर - रविना कुंवर

वार्ड 8 - सामान्य महिला - सुरभि पालीवाल - मिनाक्षी जोशी

वार्ड 10 - सामान्य महिला - दीपिका कुमावत - मंजु देवी

वार्ड 11 - ओबीसी महिला - सुंदर कंवर - सरोज महला

वार्ड 13 - सामान्य महिला - अंजाना कच्छारा - मधु पालीवाल

वार्ड 15 - ओबीसी महिला - सुलोचना कुमावत - कल्पना कौर

वार्ड 17 - सामान्य महिला - तारा देवी पुर्बिया - डॉ नीलम त्यागी

वार्ड 21 - एसटी महिला - रूपा देवी भील - अर्पिता मीणा

वार्ड 22 - सामान्य (गैर-आरक्षित) - अशोक रांका - हिमानी नन्दवाना (कांग्रेस दांव)

वार्ड 23 - सामान्य महिला - ललिता कुमावत - दुर्गा कुमारी कुमावत

वार्ड 26 - सामान्य महिला - मधु चोरडिया - पुष्पा साहु

वार्ड 27 - एससी महिला - -चंचल अटवाल (गारू) - पुष्पा पोरवाड़

वार्ड 28 - सामान्य (गैर-आरक्षित) - विकास पालीवाल - राजकुमारी पालीवाल (कांग्रेस दांव)

वार्ड 30 - सामान्य (गैर-आरक्षित) - इलमुद्दीन पठान - जेबा शाहीन (कांग्रेस दांव)

वार्ड 31 - एससी महिला - अंजना खटीक - संगीता देवी

वार्ड 42 - ओबीसी महिला - सोना कंवर राव - सुन्दर देवी वैष्णव

### क्या इस बार टूटेगा इतिहास का मिथक

राजसमंद नगर परिषद की राजनीति का इतिहास गवाह है कि आज तक कोई भी महिला पार्षद चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कुर्सी तक नहीं पहुंच पाई है। हमेशा से ही बोर्ड में शीर्ष पदों पर पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है, लेकिन इस बार जब 45 में से 18 से अधिक वार्डों में महिला राजनेताओं की सीधी धमक दिख रही है, तो सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है क्या इस बार यह सालों पुराना मिथक टूटेगा। क्या इस बार कोई महिला पार्षद इतिहास रचते हुए सभापति या उपसभापति की कुर्सी पर काबिज हो पाएगी। इसका जवाब तो चुनाव के नतीजे ही देंगे, लेकिन फिलहाल इस महिला कार्ड ने चुनाव के पारे को चरम पर पहुंचा दिया है। हालांकी एक बार नगर पालिका में आशा पालीवाल बतौर महिला अध्यक्ष रह चुकी है, लेकिन वे सीधे जनता के द्वारा चुनी गई थी।

### नगर पालिका चुनाव : 6 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त

**- कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने किया विरोध प्रदर्शन**

**देवगढ़।** नगर पालिका देवगढ़ में चुनाव के तहत सोमवार को दाखिल हुए नामांकन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार को उपखंड कार्यालय में संपन्न हुई। संवीक्षा के दौरान 1 कांग्रेस और 5 निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 6 नामांकन पत्र त्रुटि पाए जाने पर निरस्त कर दिए गए। नामांकन निरस्त होने की सूचना मिलते ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में आक्रोश फैल गया। प्रत्याशियों ने उपखंड कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे प्रत्याशियों ने आरोप लगाया कि उनके पर्चे बिना किसी ठोस कानूनी आधार के खारिज किए गए हैं। उन्होंने आपत्ति पत्र उपखंड अधिकारी को सौंपकर न्याय की मांग की है। वहीं प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार संवीक्षा नियमानुसार की गई है और त्रुटि पाए जाने पर ही पर्चे निरस्त किए गए हैं।

## संभागीय आयुक्त खजान सिंह राजसमंद दौरे पर : नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर की समीक्षा

**- जिला कलक्टर से बैठक कर जिले से जुड़े विभिन्न विषयों एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर की चर्चा**



राजसमंद। जिले से जुड़े विभिन्न विषयों एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर जिला कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा से चर्चा करते संभागीय आयुक्त खजान सिंह।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमन्द।** संभागीय आयुक्त खजान सिंह ने मंगलवार को जिले का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा से बैठक कर जिले से जुड़े विभिन्न विषयों तथा नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर जारी निर्वाचन प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न स्तरों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त खजान सिंह ने कलक्ट्रेट पहुंचकर राजसमंद नगर परिषद रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी ओम प्रभा के कार्यालय में पहुंचकर नगर निकाय चुनाव को लेकर जारी गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त ने उपखंड अधिकारी कार्यालय आमेट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्ट्रॉंग रूम, काउंटिंग कक्ष सहित निर्वाचन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना कक्ष की व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन सामग्री एवं अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आमेट उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी राजेश मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय चुनाव की समस्त निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियां निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित की जाएं।

## फेक बॉस बनकर ठगी कर रहे साइबर ठग, राजस्थान पुलिस ने जारी की 'बॉस स्केम' एडवाइजरी

**- बॉस या वरिष्ठ अधिकारी बनकर व्हाट्सएप/ई-मेल पर भेजते हैं अर्जेंट मैसेज**

**- खाते में पैसे ट्रांसफर कराने से लेकर संवेदनशील डेटा चुराने तक की कोशिश**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन एवं विशेष रूप से कंपनियों में कार्यरत मैनेजर, अकाउंटेंट एवं अन्य कर्मचारियों को फेक बॉस बनकर की जाने वाली साइबर ठगी यानी 'बॉस स्कैम' से सावधान रहने की अपील की है। साइबर ठग सोशल इंजीनियरिंग तकनीक का इस्तेमाल कर कंपनी के बॉस, वरिष्ठ अधिकारी अथवा बिजनेस पार्टनर बनकर व्हाट्सएप, ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से संपर्क करते हैं और तत्काल धनराशि ट्रांसफर करने, गिफ्ट कार्ड खरीदने, डेटा साझा करने अथवा गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने का दबाव बनाते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी पहले कंपनी, उसके प्रमुख अधिकारियों, ई-मेल पैटर्न, कॉन्टेक्ट्स और सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी जुटाते हैं। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी की पहचान अपनाकर कर्मचारी से संपर्क किया जाता है। विश्वास पैदा करने के लिए ठग असली नाम, पद, प्रोजेक्ट और अन्य वास्तविक जानकारियों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कर्मचारी को मैसेज वास्तविक होने का भ्रम हो जाता है।

### कंप्यूटर में मालवेयर डालकर व्हाट्सएप तक पहुंच बनाने की कोशिश

एडीजी सिंह ने बताया कि साइबर ठग कार्यालय के लैपटॉप या डेस्कटॉप पर ट्रोजन हॉर्स मालवेयर के जरिए जानकारी हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं। यदि डेस्कटॉप व्हाट्सएप से लिंक है तो वे क्यूआर कोड को हाईजैक कर व्हाट्सएप पर अपनी फोटो लगाकर कर्मचारी को बॉस के नाम से धनराशि ट्रांसफर करने के लिए मैसेज भेज सकते हैं। इसके बाद ठग तत्काल भुगतान, गिफ्ट कार्ड खरीदने, डेटा ट्रांसफर करने या गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने का दबाव बनाते हैं। ठगी की रकम को म्यूल अकाउंट, क्रिप्टो अथवा नगद निकासी के माध्यम से आगे स्थानांतरित किया जा सकता है। राजसमंद एसपी हेमंत कलाल ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने ऐसे साइबर फ्रॉड की पहचान के लिए कुछ महत्वपूर्ण संकेत बताए हैं। इनमें ई-मेल एड्रेस में अचानक या मामूली बदलाव होने, कार्यालय समय के बाद असामान्य तरीके से संपर्क करने, अर्जेंट अथवा गोपनीय लेनदेन करने का दबाव, किसी नए या अज्ञात बैंक खाते में तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश, फोन या वीडियो कॉल पर बात करने से बचने, भाषा और ग्रामर में असामान्य या गंभीर गलतियां होना, व्हाट्सएप, ई-मेल अथवा कॉल पर असामान्य वित्तीय निर्देश मिलना।

### एक कॉल से बच सकती है कंपनी की बड़ी रकम

एसपी हेमंत कलाल ने बताया कि किसी भी वित्तीय अथवा डेटा संबंधी अनुरोध की पुष्टि व्यक्तिगत रूप से या संबंधित व्यक्ति के आधिकारिक फोन नंबर पर कॉल करके जरूर करें। केवल व्हाट्सएप अथवा ई-मेल पर प्राप्त निर्देश के आधार पर कोई भुगतान न करें। साथ ही केवल डिस्प्ले नेम देखकर भरोसा करने के बजाय पूरा ई-मेल एड्रेस और डोमेन नेम ध्यानपूर्वक जांचें। कंपनियों को उच्च-मूल्य अथवा असामान्य भुगतान के लिए मल्टीलेवल अप्रुवल सिस्टम लागू करना चाहिए और केवल स्वीकृत भुगतान प्रक्रियाओं एवं अधिकृत संचार माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए। पुलिस ने कर्मचारियों को व्हाट्सएप वेब और लिंक्ड डिवाइसेज के अनावश्यक सेशन लॉगआउट करने, सिस्टम, एंटीवायरस एवं सुरक्षा सॉफ्टवेयर को अपटेडड रखने तथा व्हाट्सएप पर टू फैक्टर वेरीफिकेशन सक्रिय रखने की सलाह दी है।

### ठगी हो तो तुरंत 1930 पर करें शिकायत

राजस्थान पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति साइबर स्कैम का शिकार हो जाता है अथवा साइबर ठग इस तरह की ठगी का प्रयास करते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दें। वित्तीय साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। इसके अलावा साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी सूचना दी जा सकती है।

## वार्ड 38 में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त

**- भाजपा ने कांग्रेस की चुनावी तैयारी पर उठाए सवाल**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद चुनाव में वार्ड संख्या 38 से कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म निरस्त होने के बाद भाजपा ने कांग्रेस की चुनावी तैयारियों पर सवाल खड़े किए हैं। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भी कांग्रेस की गंभीरता और तैयारी का अभाव सामने आ गया है। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और प्रत्येक राजनीतिक दल से अपेक्षा रहती है कि वह नियमों और चुनावी प्रक्रिया का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करे। वार्ड 38 में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होना कांग्रेस संगठन की कमजोर तैयारी और आपसी समन्वय के अभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी प्रत्याशी का फॉर्म निरस्त होने को लेकर राजनीति नहीं करती, लेकिन जब कोई दल बड़ी-बड़ी बातें करे और चुनावी प्रक्रिया में ही ऐसी स्थिति सामने आए तो जनता सवाल जरूर पूछेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी शालीनता और अनुशासन के साथ जनता के बीच जाएं तथा भाजपा की नीतियों, विकास के संकल्प और संगठन की मजबूती को लेकर मतदाताओं से संवाद करें।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### नेपाल की बाढ़ से लेनी होगी सीख

नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ ने पूरे हिमालयी क्षेत्र के सामने एक बार फिर गंभीर चेतावनी खड़ी कर दी है। अचानक आई बाढ़, ग्लेशियर झीलों के बढ़ते खतरे और भूस्खलन जैसी घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में विकास और निर्माण की हमारी नीति कितनी सुरक्षित है। इस तरह की आपदाओं से निपटने के लिए केवल राहत और बचाव की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि आपदा आने से पहले संभावित खतरे को समझना और उसके अनुसार तैयारी करना भी जरूरी है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) राज्यों के साथ मिलकर हिमालयी ग्लेशियर झीलों में अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने की दिशा में काम कर रहा है। उत्तराखंड क्षेत्र में भी इस तरह की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

हालांकि हिमालय की भौगोलिक परिस्थितियां बेहद कठिन हैं। यहां हजारों ग्लेशियर मौजूद हैं और सभी स्थानों पर लगातार निगरानी करना आसान नहीं है। ग्लेशियर कब और कहां टूटेगा तथा उसके बाद पानी किस दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा, इसका सटीक अनुमान लगाना बड़ी चुनौती है।

सुनामी जैसी आपदा में भूकंप के बाद संभावित खतरे का अनुमान अपेक्षाकृत आसानी से लगाया जा सकता है, लेकिन हिमालय में स्थिति अलग है। एक ही घाटी में कई छोटे जलस्रोत और प्राकृतिक जलधाराएं हैं, जिनका व्यवहार अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में केवल किसी एक स्थान पर चेतावनी तंत्र लगाना पर्याप्त नहीं होगा।

इसलिए सबसे जरूरी है कि पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को संभावित खतरों के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को यह जानकारी होनी चाहिए कि बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थान कौन से हैं और किन क्षेत्रों में घर या अन्य निर्माण करना खतरनाक हो सकता है। प्रशासन को भी वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर सुरक्षित और असुरक्षित क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी चाहिए।

हिमालय में पहले रहने वाले लोग प्राकृतिक परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझते थे। वे आमतौर पर नदियों और बरसाती नालों से दूर ऊंचे स्थानों पर घर बनाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सड़क, पर्यटन, होटल और होम स्टे जैसी गतिविधियों के विस्तार के साथ कई जगह नदी और जलधाराओं के बेहद करीब निर्माण होने लगा है। यह स्थिति भविष्य की आपदाओं में खतरा और बढ़ा सकती है।

केदारनाथ की त्रासदी ने भी यह सिखाया था कि पर्वतीय क्षेत्रों में विकास कार्य करते समय प्राकृतिक परिस्थितियों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। इसके बाद भी यदि नदियों के संभावित डूब क्षेत्र में निर्माण जारी रहता है तो किसी भी बड़ी बाढ़ के दौरान जान-माल का नुकसान बढ़ सकता है।

सबसे बड़ी जरूरत ऐसी स्पष्ट नीति बनाने की है, जिसमें यह तय हो कि नदी के किनारे और डूब क्षेत्र में कहां निर्माण किया जा सकता है और कहां पूरी तरह रोक होनी चाहिए। केवल आपदा के बाद मुआवजा और राहत देना समाधान नहीं है। आपदा से पहले सुरक्षित स्थानों की पहचान, निर्माण पर नियंत्रण, मजबूत चेतावनी व्यवस्था और स्थानीय लोगों की तैयारी ही नुकसान को कम कर सकती है।

नेपाल की बाढ़ पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए एक सबक है। हिमालय को केवल पर्यटन और विकास की दृष्टि से देखने के बजाय उसकी प्राकृतिक संवेदनशीलता को भी समझना होगा। विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर हो। अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आज की छोटी-सी लापरवाही कल बड़ी आपदा का कारण बन सकती है।

# द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी में स्ट्रेंजर-डेंजर विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, व्यक्तिगत संरक्षण एवं संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्ट्रेंजर-डेंजर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीजे नाथद्वारा पुरुषोत्तमलाल सैनी एवं सह निदेशक अभिदेव शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा अतिथि का उपरणा ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। एडीजे सैनी ने विद्यार्थियों को बाल शोषण के विभिन्न रूपों के बारे में समझाते हुए कहा कि किसी भी असहज, अनुचित



राजसमंद। द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी स्कूल में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता संगोष्ठी में विद्यार्थियों को सम्बोंधित करते एडीजे पुरुषोत्तमलाल सैनी।

या संदिग्ध परिस्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सीमाओं, सुरक्षित व असुरक्षित व्यवहार के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय वयस्क से बात करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान बाल अपहरण से बचाव, अनजान व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने, किसी भी अपरिचित व्यक्ति से उपहार या खाने-पीने की वस्तु स्वीकार न करने और सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहने की सलाह दी गई। इसके साथ ही वर्तमान डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक उपयोग और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। आपातकालीन परिस्थितियों में शांत रहने, मदद मांगने और महत्वपूर्ण संपर्क नंबर याद रखने की बात कही गई। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न परिस्थितियों से संबंधित सवाल पूछकर उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

अंत में चेतना शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता और सतर्कता का विषय है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# साइबर अपराध कार्यशाला से में छात्रों को दी सुरक्षा की जानकारी

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राउमावि वणाई में जिला विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में साइबर अपराध की रोकथाम एवं बचाव पर विशेष जागरूकता कार्यशाला विद्यालय के प्रधानाचार्य रतनलाल खटीक की अध्यक्षता में और न्यायाधीश एनआई कोर्ट यतीन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। प्रभारी गणेश कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराना तथा बदलते साइबर अपराधों के प्रति जागरुक करना रहा। न्यायाधीश यतीन्द्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान में तेजी से इंटरनेट और मोबाइल का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कारण साइबर अपराधों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। लोग अनजाने में संदिग्ध लिंक खोल देते हैं



राजसमंद। वणाई स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

और ओ टी पी दे देते हैं। जिसके कारण उनके बैंक खाते से रूपये निकल जाते हैं। हमें ऐसे मामले से बचकर रहना चाहिए। विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति पर आसानी से भरोसा न करने दी और अच्छे बुरे स्पर्श के बारे में भी जागरूक किया। कोई भी अनजान व्यक्ति चॉकलेट, टॉफी या अन्य खाने की चीज दे तो नहीं लेनी चाहिए क्योंकि उसके साथ कोई भी बुरा व्यवहार या शोषण हो सकता है। चौधरी ने वित्तीय धोखाधड़ी, बैंक खाता खाली कर देना, हेकिंग, पहचान की चोरी की जानकारी दी गई। ऐसे मामलों से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता जरुरी है। इस दौरान अधिकार मित्र जगदीश गुर्जर, गणेश कुमावत, गिरीश कुमार पालीवाल, उदयलाल पालीवाल, हिम्मत सालवी, चेतन गुप्ता, सुनील पालीवाल, धर्मेश सियाल, कल्पना सजवान, मंजु श्रोत्रिय, उषा राव, ममता गगोरिया, कविता खटीक, नाजिया खान, रेणु मौजूद थी।

# ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियानः राजसमंद के स्कूलों में बच्चों को सिखाया मना करो, दूर जाओ, बताओ का सुरक्षा सूत्र

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायधीश) अल्का शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को जिलेभर के सरकारी व निजी विद्यालयों में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। अभियान के तहत न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अजनबियों से सावधान : मना करो, दूर जाओ, बताओ विषय पर जागरूक किया। इस दौरान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मोही में जिला एवं सेशन न्यायाधीश शर्मा एवं




राजसमंद। ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत महात्मा गांधी स्कूल मोही में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोंधित करते न्यायिक अधिकारी।

प्राधिकरण के सचिव भारत भूषण पाठक ने विद्यार्थियों को सुरक्षा के सूत्र समझाए। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। शिविर में बच्चों को समझाया गया कि किसी भी असुरक्षित अथवा असहज स्थिति में तुरंत मना करें, उस स्थान से दूर जाएं और बिना किसी डर के अपने माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग को देखते हुए बच्चों को ऑनलाइन अजनबियों, संदिग्ध संदेशों, अज्ञात संपर्कों और व्यक्तिगत जानकारी या तस्वीरें साझा करने के जोखिमों से अवगत कराया गया। अभियान के तहत राजसमंद मुख्यालय, नाथद्वारा, भीम, देवगढ़, आमेट, कुंभलगढ़ और रेलमगरा तालुकों के विभिन्न विद्यालयों में न्यायिक अधिकारियों ने खुद पहुंचकर कमान संभाली। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश डॉ सूर्यप्रकाश पारिक, पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश पूर्णिमा गौड़, एसीडी कोर्ट के न्यायाधीश अनील कुमार शर्मा, एडीजे सुनील कुमार ओझा, एससी/एसटी कोर्ट की न्यायाधीश अभिलाषा शर्मा, सीजेएम धर्मेंद्र कुमार शर्मा सहित सभी न्यायिक मजिस्ट्रेटों ने बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा सुरक्षित व्यवहार की आयु-अनुकूल जानकारी दी।

# हरिवंश कीर समाज की जनरल बैठक 5 को

## - 32 गांवों के पंच-पटेल लेंगे भाग

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के पास हरिवंश कीर समाज बड़ा चोखला के सामुदायिक भवन में 5 सितंबर को कीर समाज की जनरल बैठक आयोजित होगी। समाज अध्यक्ष लहरीलाल कीर ने बताया कि बैठक में बड़ा चोखला क्षेत्र के 32 गांवों के पंच-पटेल भाग लेंगे। बैठक में समाज के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक सुधार के लिए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक पंच-पटेलों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# टार्गेट केसेज के विरोध में राजसमंद बार एसोसिएशन का बड़ा फैसला

जयवर्द्धन न्यूज़

### आज से 5 सितंबर तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**राजसमंद।** न्यायालयों द्वारा टार्गेट केसेज के नाम पर मुकदमों के जल्द निस्तारण की व्यवस्था के विरोध में बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रहे। अधिवक्ताओं का स्पष्ट कहना है कि त्वरित निस्तारण की इस होड़ से न्याय प्रणाली की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और मामलों में वास्तविक



राजसमंद। टार्गेट केसेज के विरोध में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते बार एसोसिएशन सदस्य।

न्याय की संभावना धूमिल होकर केवल फाइलों का निपटारा हो रहा है। अधिवक्ता संघ ने बताया कि पूर्व में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा 20 वर्ष से अधिक पुराने लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए टार्गेट तय करने की अवधारणा लागू की गई थी, जिसमें अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया था। परंतु अब इस व्यवस्था के तहत 5 वर्ष या उससे अधिक पुराने मामलों के साथ-साथ 5 वर्ष से कम अवधि वाले प्रकरणों को भी शामिल कर दिया गया है। इससे मामलों की गुणवत्तापूर्ण सुनवाई प्रभावित हो रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बार एसोसिएशन राजसमंद की साधारण सभा की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विरोध स्वरूप समस्त अधिवक्तागण आगामी 2 से 5 सितंबर तक पूर्ण रूप से न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं का मानना है कि इस निर्णय के पीछे मूल भावना यही है कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए।

# भीम के महावीर बाल मंदिर में विधिक जागरूकता शिविर

## स्कूलों में लगेंगी कोर्ट वाली दीदी शिकायत पेटियां

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** रालसा के तत्वावधान में चलाए जा रहे ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा एवं सचिव भारत भूषण पाठक के निर्देशानुसार महावीर बाल मंदिर विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष मनी वालिया ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में विधिक साक्षरता का प्रचार-प्रसार करना तथा उन्हें सामाजिक व कानूनी मामलों के प्रति संवेदनशील बनाना है। इसके तहत राजकीय एवं निजी विद्यालयों में जूनियर लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना की जा रही है, जिसमें प्रधानाध्यापक, एक वरिष्ठ शिक्षक तथा दो विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यालयों में कोर्ट वाली दीदी नाम से एक विशेष शिकायत व सुझाव पेटी भी लगाई जा रही है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं या शिकायतें पूरी गोपनीयता के साथ बता सकेंगे, जिनका त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, आपातकालीन नंबर 112 तथा रालसा के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी साझा की गई। इस दौरान विद्यालय निदेशक मनोज दक, प्राध्यापक रतनलाल सोनी, तालुका विधिक सेवा समिति भीम के सचिव सत्यप्रकाश त्रिपाठी, व्याख्याता मनोहरसिंह, होमगार्ड किशनसिंह सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



राजसमंद। महावीर बाल मंदिर स्कूल में आयोजित ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक करती अध्यक्ष मनी वालिया।

# भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पर 7 दिवसीय कब एवं स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स सम्पन्न

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय समीपवर्ती धोइंदा स्थित राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय कब एवं स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स का समापन ध्वज अवतरण एवं स्नेह मिलन समारोह के साथ हुआ। प्रधान संचालक एवं सीओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 5 से 10 वर्ष के बालकों को कबिंग तथा 10 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों को स्काउटिंग गतिविधि से जोड़ने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण लेने आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिविर को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे नई ऊर्जा का जनरेटर और जीवन जीने की कला सीखने का माध्यम करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उनकी सभी शंकाएं दूर हुईं और स्काउटिंग के जरिए एक सुयोग्य नागरिक बनने व व्यक्तित्व विकास के नए गुण सीखने को मिले। समापन समारोह के दौरान कब मास्टर बेसिक कोर्स के संभागियों ने सीओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे, कब मास्टर बेसिक कोर्स संचालक राजेन्द्र सिंह, स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स संचालक राकेश टांक, ट्रेनिंग टीम सदस्य वसीम अकरम, जितेन्द्र कुमार, राहुल बर्वा तथा सहयोगी विरेन्द्र सिंह चुंडावत, निखिल साहू व सुरेश पालीवाल का प्रभु श्रीनाथजी का छायाचित्र व इकलाई भेंट कर सम्मान किया। वहीं स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स के प्रशिक्षार्थियों द्वारा स्काउट गाइड जिला मुख्यालय को सौर ऊर्जा लाइट एवं टी-थर्मस भेंट किए गए तथा भविष्य में भी मुख्यालय के विकास में यथासंभव सहयोग देने का संकल्प लिया गया।



राजसमंद। धोइंदा में आयोजित 7 दिवसीय कब एवं स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स समापन पर अतिथियों का स्वागत करते स्काउट गाइड।

# राजसमंद में टिकट वितरण के बाद सेन समाज नाराज

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के सामने टिकट से नाराज दावेदारों को साधने की चुनौती है। सोमवार को दोनों प्रमुख दलों ने पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की। इसके बाद कई वार्डों में टिकट की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरकर राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। भाजपा में नगर उपाध्यक्ष हिम्मत मेहता सहित कुछ वार्डों के दावेदार टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में पार्टी संगठन के सामने बागी प्रत्याशियों को मनाने और अधिकृत उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने की चुनौती है। कांग्रेस में भी टिकट वितरण के बाद नाराज दावेदारों को साधना पार्टी के लिए जरूरी होगा।

**सेन समाज ने जताई नाराजगी**

टिकट वितरण को लेकर मंगलवार को सेन समाज के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर अपनी नाराजगी जाहिर की। पदाधिकारियों ने भाजपा पर सेन समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं देने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि राजसमंद जिले की पांचों निकायों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन भाजपा ने किसी भी निकाय में सेन समाज के प्रतिनिधि को टिकट नहीं दिया। इससे समाज में नाराजगी का माहौल है। पदाधिकारियों के अनुसार राजसमंद नगर परिषद चुनाव के लिए समाज की ओर से आधा दर्जन टिकटों की मांग की गई थी, लेकिन पार्टी की ओर से एक भी टिकट नहीं दिया गया। अब समाज की बैठक में आगे की रणनीति को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

## इन दावेदारों के लिए मांगा गया था टिकट

सेन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि भाजपा से वार्ड 15 के लिए टीना सेन, वार्ड 28 से प्रमोद सेन और वार्ड 18 से संजय सेन के नाम पर टिकट की मांग की गई थी। इसके अलावा हेमा सेन, कैलाश सेन और दिनेश सेन के परिवार से भी टिकट की मांग रखी गई थी। हालांकि, पार्टी ने इनमें से किसी को भी पार्षद प्रत्याशी नहीं बनाया। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि समाज की संख्या और राजनीतिक भागीदारी को देखते हुए प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था। टिकट वितरण की उपेक्षा से समाजजनों और कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इस दौरान मातृकुंडिया सेन समाज मेवाड़ अध्यक्ष प्रहलाद सेन, सेन समाज फरारा चोखला अध्यक्ष संपत सेन, राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल सेन, सेन समाज उपाध्यक्ष कैलाश सेन, महिला उपाध्यक्ष टीना सेन, विपिन सेन, एडवोकेट महेश सेन, हरिशंकर सेन, दिनेश सेन, प्रमोद सेन, सोनू सेन, गोवर्धन सेन, नानालाल सेन सहित समाजजन मौजूद रहे।

**अब बागियों को मनाने की चुनौती**

नामांकन के बाद संविक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो चुकी है। अब भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए अगले कुछ दिन अहम रहने वाले हैं। पार्टियां अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के साथ ही टिकट से नाराज दावेदारों और उनके समर्थकों को मनाने की कोशिश करेंगी। ऐसे में सेन समाज की नाराजगी और निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी चुनावी समीकरणों पर कितना असर डालती है, यह आने वाले दिनों में साफ होगा।



राजसमंद। नगर परिषद राजसमंद में भाजपा द्वारा समाजजनों को टिकिट नहीं मिलने से नाराजगी जाहिर करते सेन समाज के पदाधिकारी।

# शैक्षिक महासंघ कुंवारिया की बैठक श्रीकृष्ण गौशाला मादड़ी में आयोजित

## -सुथार बने अध्यक्ष और पालीवाल को मिली मंत्री पद की जिम्मेदारी

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खंड कुंवारिया की प्रथम साधारण सभा की बैठक श्रीकृष्ण गौशाला मादड़ी में हुई। प्रथम सत्र की अध्यक्षता निवर्तमान खंड अध्यक्ष गणेश कुमावत ने की, जबकि विभाग संगठन मंत्री नारायण सिंह चूंडावत पालक अधिकारी मौजूद रहे। भामस जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि थे। पालक कार्यकर्ता नारायण सिंह चूंडावत ने संगठन के इतिहास, कार्यपद्धति और शिक्षक हित में किए गए कार्यों पर जानकारी देते हुए संगठन की मजबूती के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आह्वान किया। तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। पालक कार्यकर्ता चूंडावत ने आगामी तीन वर्षों के लिए खंड की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा की, जिसमेंअध्यक्ष मांगीलाल सुथार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र कीर, मंत्री गिरीश पालीवाल, महिला उपाध्यक्ष जमना पालीवाल और कोषाध्यक्ष तुलसीराम कुमावत को मनोनित किया गया। दायित्व घोषणा के उपरांत मुख्य अतिथि शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व बोध कराते हुए कहा कि हम सभी सर्वप्रथम संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और पद उसके बाद आता है। उन्होंने सभी से निःस्वार्थ भाव से संगठन हित में जुटने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुनील शर्मा तथा हर्ष गौड़ मौजूद थे।



राजसमंद। शैक्षिक महासंघ कुंवारिया की नई कार्यकारिणी में मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते शिक्षक।

## संक्षिप्त खबरें

### मोही में अटल ज्ञान केंद्र व डिजिटल लाइब्रेरी शुरू - विद्यार्थियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं



राजसमंद। मोही में संचालित अटल ज्ञान केंद्र एवं डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ करते अतिथि।

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय समीपवर्ती गांव मोही की ओर से संचालित अटल ज्ञान केंद्र एवं डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ उप सरपंच एवं मार्बल ग्रेनाइट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, पंचायत समिति प्रधान अरविंदसिंह राठौड़ एवं नीट में चयनित छात्र किशन प्रजापत ने पंडित नारायण खंडेलवाल के मंत्रोच्चार के बीच किया। अतिथियों ने कहा कि गांव में आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी शुरू होने से विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। अटल ज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम शुल्क के साथ निःशुल्क वाई-फाई, एसी सुविधा, अलग-अलग सीटिंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डिजिटल संसाधनों से युक्त यह केंद्र ग्रामीण विद्यार्थियों को शांत एवं सुविधाजनक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान भगवान सिंह, रमेश टांक, रामेश्वर लाल, ओम प्रकाश खंडेलवाल, माधव चंडालिया, दिलीप कुमार पाराशर, सुरेश पूर्बिया, हीरालाल, मुकेश तेली, गोपाल टांक, दिनेश खंडेलवाल, देव सेन, शंकर पूर्बिया, कन्हैयालाल, बीएल कीर, भेरू पूर्बिया, नीतिन महात्मा, विशाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### साकरोदा विद्यालय को भामाशाह मोहनलाल गुर्जर ने कंप्यूटर किया भेंट



राजसमंद। राउमावि साकरोदा स्कूल में कंप्यूटर भेंट करते भामाशाह मोहनलाल गुर्जर।

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** राउमावि साकरोदा में भामाशाह मोहनलाल गुर्जर द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय भंवरीबाई गुर्जर की स्मृति में विद्यालय को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया गया। भामाशाह प्रेरक मोतीलाल कुमावत ने बताया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा कंप्यूटर एवं पर्याप्त संसाधनों के अभाव में आवश्यक ऑनलाइन कार्यों में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया था। वर्तमान में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं ऑनलाइन मोड पर संचालित हो रही हैं, ऐसे में इस कंप्यूटर के उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा और प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संपादित होंगे। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र भांड ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। इस दौरान प्रशासक मांगीदेवी, समाजसेवी किशन गुर्जर, प्राध्यापक भारत पालीवाल, राधेश्याम आमेटा, राकेश जोशी, दुर्गाशंकर खटीक, पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर, गौरव गुर्जर तथा शंभू सिंह खरवड़ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### कजरी तीज पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने की पूजा-अर्चना

- राजसमंद की सुख-समृद्धि की कामना



जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** कजरी तीज पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नगर क्षेत्र के सौ फीट रोड स्थित श्रीराज राजेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना कर क्षेत्रवासियों के सुख, सौभाग्य, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि कजरी तीज शिव-शक्ति की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व होने के साथ हमारी लोक परंपराओं, सनातन संस्कृति, आस्था और पारिवारिक स्नेह से गहराई से जुड़ा हुआ है। ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव की कृपा से प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे और मातृशक्ति के जीवन में सौभाग्य एवं खुशियों का संचार हो। उन्होंने राजसमंद की जनता के उज्ज्वल भविष्य और क्षेत्र की निरंतर प्रगति एवं विकास की कामना की। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहार केवल धार्मिक आस्था के अवसर नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने के माध्यम भी हैं। उन्होंने राजसमंद के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त खबरें

## माहेश्वरी सेवा समिति राजसमंद की कार्यकारिणी घोषित

**- 19-20 सितंबर को लगेगा महेश मेला**



**राजसमंद। माहेश्वरी भवन में आयोजित बैठक में महेश मेले को लेकर पोस्टर का विमोचन करते समाजजन।**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** श्रीमाहेश्वरी सेवा समिति राजसमंद की माहेश्वरी भवन में आयोजित बैठक में मौजूद सदस्यों ने सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। समिति सचिव प्रदीप लड्डा ने बताया कि समाज का वार्षिक स्नेह मिलन एवं सिंजारा (दातन हेला) कार्यक्रम सातुड़ी तीज से एक दिन पूर्व माहेश्वरी भवन में सपरिवार आयोजित किया जाएगा।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महेंद्र देवपुरा द्वारा घोषित समाज की नई कार्यकारिणी में लक्ष्मीलाल लड्डा व कमलेश बापड़ौत को संरक्षक, महेंद्र देवपुरा को अध्यक्ष, सतीश तापड़िया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश लड्डा को उपाध्यक्ष, प्रदीप लड्डा को सचिव, श्याम मंत्री को सह सचिव, कमलेश निष्कलंक को कोषाध्यक्ष और अरविंद देवपुरा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कैलाश निष्कलंक को संगठन मंत्री और दिनेश निष्कलंक को हवेली प्रबंधक का दायित्व सौंपा गया है। सदस्यों के रूप में संपत लड्डा, चंद्र प्रकाश झंवर, ओम बापड़ौत, राजेंद्र लड्डा, राजेंद्र अजमेरा, अनिल जागेटिया, शरद लड्डा, विशाल बापड़ौत और मनोज लड्डा को शामिल किया गया है। वहीं महिला मंडल में कृष्णा लड्डा को अध्यक्ष व लीला लड्डा को सचिव तथा युवा संगठन में मोहित लड्डा को अध्यक्ष व विक्रांत लड्डा को सचिव का दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम के दौरान श्रीमाहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आगामी 19 व 20 सितंबर को आयोजित होने वाले महेश मेले के पोस्टर का विमोचन किया गया। महिला अध्यक्ष कृष्णा लड्डा ने बताया कि दो दिवसीय मेले में वस्त्र, आभूषण, ज्वेलरी, नवरात्रि व दीपावली पूजन सामग्री, खिलौने, गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

## तीन दिवसीय पुण्योत्सव का समापन : कोमल मुनी करुणाकर ने जन्मोत्सव रक्तदान के साथ मनाया



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** शहर के महावीर भवन में मेवाड़ भास्कर उप प्रवर्तक कोमल मुनि का 46 वां जन्मोत्सव के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुए। साध्वी महिमा, साध्वी तेजस, साध्वी हंस, साध्वी सुवासिनी के सानिध्य में कोमल गुरु गुणगान किये। इस अवसर पर दादा गुरु अजरामर स्वामी संस्थान लिम्बड़ी से उनके 212 वे स्मृति पुण्योत्सव पर तीन सिक्के प्राप्त हुए, जिनमें से एक सिक्के की बोली लगाकर भाग्यशाली परिवार ललिता देवी कैलाशचंद्र, अर्पित, मिनल और प्रियांस तलेसरा ने स्मृति कॉइन प्राप्त किया। इस अवसर पर 51 तेला तपस्वियों ने तेला तप के प्रत्याख्यान ग्रहण किये। इसके साथ बेला व उपवास के तपस्वीयो का मंगलवार प्रातः सामूहिक पारणा होगा।

## मिस टीन इंटरनेशनल बनीं क्यूबा की जोआना उरांगा, बोलीं- 3 साल की मेहनत रंग लाई

**जयपुर।** क्यूबा की जोआना उरांगा ने जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन इंटरनेशनल 2026 का खिताब अपने नाम किया है। जोआना ने इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्यूबा की संस्कृति, मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का प्रतिनिधित्व किया और अपने शानदार प्रदर्शन से जजों को प्रभावित कर ताज अपने नाम किया। जीत के बाद जोआना उरांगा ने मीडिया से बातचीत की, जिसमें उन्होंने बताया कि इस कॉम्पिटिशन के लिए वे पिछले तीन साल से तैयारी कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'मैं इस प्रतियोगिता के लिए पिछले 3 साल से ज्यादा समय से तैयारी कर रही थी और सच कहूं, तो सारी मेहनत रंग लाई क्योंकि यह मेरे बड़े ख्वाबों में से एक था और यह सच हो गया। उन्होंने आगे कहा, 'मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे सपोर्ट दिया। हमेश सपने देखते रहना चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने आगे बातचीत में भारत की भव्यता की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे भारत से बहुत प्यार है और मैं फिर से यहां जरूर आऊंगी। यहां के लोगों ने मुझे सच में घर जैसा महसूस करवाया और सच में मैं आप लोगों से प्यार करती हूं। इस प्रतियोगिता में कनाडा, कोलंबिया, क्यूबा, डोमिनिकन रिपब्लिक, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, इंडिया, जापान, मैक्सिको, नामीबिया, नीदरलैंड्स, पैराग्वे, पेरू, फिलीपींस, प्यूर्टो रिको, रोमानिया, स्पेन, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेनेजुएला, वियतनाम और जिम्बाब्वे जैसे देशों के प्रतियोगी शामिल हुए थे।

# करप्शन पर एक्शनः एवीवीएनएल के जेईएन को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

जयवर्द्धन न्यूज़

**उदयपुर।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. उदयपुर इकाई द्वारा आज कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर मीणा, जेईएन, एवीवीएनएल ऑफिस देबारी, उदयपुर को परिवादी से 10,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. उदयपुर को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि परिवादी के गांव खाम की मादड़ी स्थित निर्माणाधीन मकान पर घरेलू विद्युत कनेक्शन करने की एवज में सागर मीणा, जेईएन, एवीवीएनएल ऑफिस देबारी, उदयपुर द्वारा रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

परिवादी ने कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर में शिकायत प्रस्तुत की कि उसके निर्माणाधीन मकान पर घरेलू विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता होने पर उसने ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके पश्चात दिनांक 18.08.2026 को आरोपी सागर मीणा, जेईएन एवं लाइनमैन प्रेमजी द्वारा मौके पर पहुंचकर सर्वे किया गया तथा विद्युत कनेक्शन के लिए डीपी एवं पोल लगाए जाने की आवश्यकता बताई गई।

परिवादी के अनुसार आरोपी सागर मीणा, जेईएन ने सरकारी डिमांड राशि के अतिरिक्त 35,000 रुपये खर्चा-पानी के रूप में देने की मांग की। इस संबंध में परिवादी अपने मित्र के साथ आरोपी से मिला। बातचीत के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत राशि कम करते हुए 15,000 रुपये रिश्वत राशि की मांग की गई तथा कहा गया कि जब तक राशि नहीं दी जाएगी, तब तक फाइल आगे नहीं बढ़ेगी।



परिवादी की शिकायत के संबंध में रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपी सागर मीणा, जेईएन द्वारा रिश्वत राशि की मांग की पुष्टि हुई। मांग सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा अपने कार्यालय में परिवादी से विद्युत कनेक्शन के लिए 5,000 रुपये रिश्वत राशि प्राप्त कर ली गई तथा शेष 10,000 रुपये बाद में लेना तय किया गया।

इस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप महानिरीक्षक पुलिस, डॉ रामेश्वर सिंह के पर्यवेक्षण में अनन्त कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर के निर्देशन में रामसुमेर मीणा, पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा ट्रेप कार्रवाई आयोजित की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी को अपने कार्यालय में परिवादी से शेष 10,000 रुपये नकद रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

ए.सी.बी. की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस. परिमला के पर्यवेक्षण में आरोपी सागर मीणा के उदयपुर एवं बांसवाड़ा स्थित आवासीय मकान एवं फ्लैट की सघन तलाशी के साथ-साथ आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य सचिव ने की भेंट

जयवर्द्धन न्यूज़

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से सोमवार को शासन सचिवालय में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य सचिव पंकज जैन ने भेंट की। इस दौरान आठवें केंद्रीय वेतन आयोग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आयोग के समक्ष विचारार्थ महत्वपूर्ण विषयों पर राजस्थान सरकार का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने आयोग से संबंधित



विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सभी हितधारकों के बीच सतत एवं सुव्यवस्थित परामर्श के महत्व को रेखांकित किया। जैन ने मुख्य सचिव को आयोग द्वारा सेवा संघों के साथ आयोजित बैठकों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा संघ, भारतीय पुलिस सेवा संघ एवं भारतीय वन सेवा संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों में उठाए गए प्रमुख विषयों एवं बिंदुओं से भी अवगत कराया। इस अवसर पर हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा), जयपुर की महानिदेशक श्रेया गुहा भी उपस्थित रहीं।

# ऋषिकेश जाने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के 7 फेरे बढ़ेः 14 अक्टूबर से होगा संचालन, पांच राज्यों को जोड़ती है रेलसेवा

जयवर्द्धन न्यूज़

**भीलवाडा।** अक्टूबर और नवंबर में आने वाले त्योहारों के दौरान ट्रेन में सीट मिलना हमेशा बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे समय में चित्तौड़गढ़ के यात्रियों के लिए राहत की खबर है। रेलवे ने उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाने का फैसला किया है। पहले यह ट्रेन तय अवधि तक ही चलनी थी, लेकिन अब इसमें सात अतिरिक्त ट्रिप जोड़ दिए गए हैं। इसका सीधा फायदा चित्तौड़गढ़ समेत पूरे मेवाड़ क्षेत्र के उन यात्रियों को मिलेगा जो उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की ओर यात्रा करते हैं।

अतिरिक्त फेरों से यात्रियों को ज्यादा सीटें उपलब्ध होंगी और त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ का दबाव भी कुछ कम होने की उम्मीद है।




### अक्टूबर से नवंबर तक मिलेगा अतिरिक्त विकल्प

उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 09609 उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल अब 14 अक्टूबर से 24 नवंबर तक सात अतिरिक्त ट्रिप लगाएगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 09610 योगनगरी ऋषिकेश से 15 अक्टूबर से 25 नवंबर तक सात अतिरिक्त फेरे लगाएगी। रेलवे का कहना है कि त्योहारों और छुट्टियों के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

हर साल इस अवधि में उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग देखने को मिलती है। ऐसे में इस स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त फेरे यात्रियों के लिए राहत लेकर आएंगे।

### चित्तौड़गढ़ के यात्रियों को होगा सीधा फायदा

इस ट्रेन का ठहराव चित्तौड़गढ़ स्टेशन पर होने से जिले के यात्रियों को लाभ मिल रहा है। उदयपुर से चलने वाली 09609 ट्रेन दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर चित्तौड़गढ़ पहुंचती है और 15 मिनट रुकने के बाद शाम 4 बजकर 5 मिनट पर ऋषिकेश के लिए रवाना होती है। वहीं वापसी में 09610 ट्रेन दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर चित्तौड़गढ़ पहुंचती है और 12 बजकर 45 मिनट पर आगे उदयपुर के लिए रवाना हो जाती है। चित्तौड़गढ़ के अलावा आसपास के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री भी इस ट्रेन का उपयोग करते हैं, इसलिए अतिरिक्त ट्रिप पूरे क्षेत्र के लिए राहत साबित होंगे।

### पांच राज्यों को जोड़ती है यह रेल सेवा

यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ती है। धार्मिक यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ नौकरी, पढ़ाई, व्यापार और पारिवारिक काम से सफर करने वाले लोगों के लिए भी यह ट्रेन जरूरी मानी जाती है। खासकर ऋषिकेश और हरिद्वार जाने वाले यात्रियों को इस ट्रेन से सीधा और सुविधाजनक विकल्प मिलता है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई गई है, जबकि मार्ग, ठहराव और अन्य स्टेशनों पर समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में यात्रियों को पहले की तरह ही समय पर ट्रेन की सुविधा मिलेगी, लेकिन अब त्योहारों के दौरान सफर के लिए अतिरिक्त अवसर भी उपलब्ध रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।